प्रादेशिक समाचार

07.07.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार.

1. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, खूंटी से चार पीएलएफआई नक्सली समेत पांच गिरफ्तार।

2. केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और रक्षा राज्यमंत्री ने राज्य सरकार पर लगाया विकास कार्यों में लापरवाही बरतने का आरोप, कहा–केन्द्रीय फंड का हो रहा है दुरुपयोग।

3. जनसमस्याओं के समाधान के लिए राज्य के वित्त मंत्री राधाकृशण किशोर ने रांची में लगाया जनता दरबार, केन्द्र पर झारखंड की अनदेखी करने का लगाया आरोप।

4. देवघर के विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारियां तेज, राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश।

5. राज्यपाल ने जमशेदपुर में 134वें डूरंड कप ट्रॉफी का किया अनावरण, कहा–राज्य में इस प्रतियोगिता के आयोजन से खेल संस्कृति को मिलेगी नयी ऊर्जा।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने खूंटी से प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के चार सदस्यों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने इसकी पुश्टि की है।

*******************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि नल से जल योजना की स्थिति राज्य में बेहद खराब है। कोडरमा में आज जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में राजनीति कर रही है।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा है कि वे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाक़ात कर श्रावणी मेला के दौरान रांची से सुल्तानगंज के लिए स्पेशल ट्रेन की मांग रखेंगे। आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल रांची लोकसभा क्षेत्र में लगभग चार हजार दो सौ चौबीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत से विकास योजनाएं चल रही है। श्री सेठ ने राज्य सरकार की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए राशि उपलब्ध करा दिए जाने के बावजूद समय पर कार्य पूरे नहीं हो रहे हैं।

*******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आज कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनी और उसके त्वरित निष्पादन का प्रयास किया। पत्रकारों से बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न मदों मे समय पर राशि नहीं मिलने से राज्य सरकार को योजनाओं के संचालन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

*******************

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव  विधायक रोशन लाल चौधरी को केरेडारी के बेलतू जाने से आज पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने रोक दिया। पुलिस ने धारा 163 का हवाला देते हुए उन्हें बेलतू नहीं जाने दिया। दरअसल बेलतू में दो समुदायों के बीच झंडा लगाने को लेकर विवाद है। सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें घटना स्थल पर जाने की अनुमति देने की मांग प्रशासन से की है।

*******************

श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर देवघर के सर्किट हाउस में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में पर्यटन मंत्री ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह गंभीर है।

*******************

रामगढ़ जिले में किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए दो लाख आपदा मित्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस सिलसिले में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

*******************

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों तक राज्य के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसांवा समेत आठ जिलों  में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसे लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा सिमडेगा, खूंटी और रांची समेत  12 जिलों में बाढ़ की भी चेतावनी जारी की गयी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने लोगों से नदियों और जलप्रपातों के किनारे जाने से बचने की सलाह दी है।

*******************

134वें डूरंड कप 2025 की शुरुआत से पहले जमशेदपुर के एक्सएलआरआई सभागार में भव्य समारोह के साथ ट्रॉफी का अनावरण किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष गंगवार रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शामिल हुए। इस मौके पर राज्यपाल ने इसे झारखंड के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि इससे राज्य की खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिलेगी और युवाओं को प्रेरणा मिलेगी।

इस मौके पर राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने राज्य की नई खेल नीति की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

*******समाप्त********